विधान परिषद की 9 सीटों के लिए 6 को होगा चुनाव

पटना | हिन्दुस्तान ब्यूरो

बिहार विधान परिषद की नौ रिक्त सीटों के लिए 6 जुलाई को मतदान होगा। विधानसभा कोटे की इन सीटों के लिए 18 जून से 25 जून तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। 26 जून को इनकी जांच की जाएगी। 29 जून तक नामांकन पत्र वापस लिए जाएंगे। सोमवार को चुनाव आयोग ने इन सीटों के लिए चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी।

आयोग के अवर सचिव पवन दीवान के अनुसार मतदान सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। उसी दिन शाम को 5 बजे नामांकन पत्रों की गिनती की जाएगी। 8 जुलाई तक चुनाव संबंधी सभी प्रक्रियाएं पूरी कर ली जाएंगी। उन्होंने राज्य के मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि चुनाव के दौरान एक अधिकारी की तैनाती की जाए जो कोविड 19 के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराएं। ये सभी नौ सीटें 6 मई 2020 को ही रिक्त हो गई हैं। इन पर निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो गया है।

इनका कार्यकाल समाप्त

मंत्री अशोक चौधरी, कृष्ण कुमार सिंह, प्रशांत कुमार शाही, संजय प्रकाश, सतीश कुमार, राधा मोहन शर्मा, सोनेलाल मेहता, विधान परिषद के कार्यकारी सभापति मोहम्मद हारून रशीद और हीरा प्रसाद बिंद।

?sa=L&ai=CFcbSkmHoXvW...